हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 23 सितंबर 2025











## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-
दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

## विडंबना : स्कूल भवन के नाम पर राशि का आहरण, अब तक नहीं हुआ है निर्माण

# नगबेल के ग्रामीण पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे







हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

केंद्र और राज्य सरकार के विकास के दावों की पोल खुलती नजर आती है, जब हम मैनपुर के सुदूर वनांचल में बसे आदिवासी गांव नगबेल की बदहाल स्थिति देखते हैं। आजादी के 79 साल बाद भी यहां के ग्रामीण बिजली, सड़क, स्वास्थ्य और स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यह गांव तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 35 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत कोकड़ी से 10 किलोमीटर अंदर बीहड़ जंगल में बसा है, जिसकी आबादी करीब 370 है। नगबेल के ग्रामीणों का जीवन घोर अभावों में गुजर रहा है।

**अधूरे स्कूल भवन और शिक्षा व्यवस्था-** गांव में प्राथमिक स्कूल भवन के नाम पर एक दशक पहले राशि का आहरण हो चुका है, लेकिन आज तक भवन का निर्माण नहीं हुआ। एक साल पहले नए भवन के लिए नींव खोदी गई, पर काम अधूरा छोड़ दिया गया। ग्रामीणों को आशंका है कि इस भवन के लिए भी कागजों पर ही राशि निकाल ली जाएगी। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि स्कूल भवन के अभाव में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चे एक छोटे से कमरे में एक साथ बैठकर पढ़ाई करते हैं, जिस पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों का ध्यान नहीं गया है।

**जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उदासीनता-** ग्रामीणों का कहना है कि सांसद, विधायक और जिले के बड़े अधिकारी तो दूर, वर्षों से जनपद स्तर के अधिकारी भी इस गांव में नहीं आए हैं। ग्रामीण देवनाथ नेताम, बिसाहू नेताम, बोधन सिंह, भगवान सिंह और हीरासिंह ने बताया कि चुनाव के बाद से वे अपने चुने हुए नेता का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन कोई भी उनकी सुध लेने नहीं आया। इस मामले में ग्राम पंचायत कोकड़ी के सरपंच दैनिक राम मंडावी ने कलेक्टर भगवान सिंह उइके से नगबेल तक पक्की सड़क बनाने और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं, संकुल समन्वयक विवेकानंद कश्यप ने स्कूल भवन के अधूरे होने और एक कमरे में पांच कक्षाओं के संचालन से हो रही परेशानी को स्वीकार किया है। जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर समस्या का समाधान करने की मांग की है।

### जीवन की चुनौतियां

**बिजली का अभावः** गांव में आज भी बिजली नहीं है। सौर ऊर्जा सिस्टम भी ध्वस्त हो चुके हैं, जिसके कारण ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर हैं।

**खराब सड़केंः** गांव तक पहुंचने के लिए कोई पक्की सड़क नहीं है। बारिश में दलदल भरी कच्ची सड़क से आना-जाना बेहद मुश्किल हो जाता है।

**राशन की समस्याः** राशन लेने के लिए ग्रामीणों को 20 किलोमीटर दूर कोकड़ी तक पैदल चलना पड़ता है, जिसमें पथरीली पगडंडियां, जंगल और नदी-नाले पार करने पड़ते हैं।

**अपूर्ण हैंडपंपः** गांव में चार हैंडपंप हैं, लेकिन उनमें से केवल एक ही चालू है। उसका पानी भी आयरन युक्त होने के कारण ग्रामीण इस्तेमाल नहीं करते। सौर ऊर्जा से संचालित होने वाली नलजल टंकी भी आज तक चालू नहीं हुई है, जिसके कारण कई परिवार नदी-नालों का पानी पी रहे हैं।

**स्वास्थ्य सुविधाः** स्वास्थ्य सुविधाएं यहां के लोगों के लिए किसी सपने से कम नहीं हैं।



# देवी मंदिरों में जले आस्था के जोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

नवरात्रि सिर्फ व्रत और पूजा का पर्व नहीं है। यह आत्मा के रंगों को देवी के रूप में देखने और उन्हें अपने जीवन में उतारने का समय भी है। हर दिन एक देवी, हर देवी एक भाव और हर भाव का एक रंग यही है ' रंगों वाली नवरात्रि ' की असली आत्मा। ऐसा रंग जो शांति और आत्म-संयम का प्रतीक है। रसेला के शीतला मंदिर सहित क्षेत्र के देवी मंदिरों में शक्ति आराधना का पर्व नवरात्र धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। रसेला के शीतला मंदिर के साथ क्षेत्र के देवी मंदिरों में सोमवार को अभिजीत मुहूर्त पर घट स्थापना के साथ ही ज्योति कलश स्थापना की गई। क्षेत्र में रानी मा केरापानी, अंजनी आश्रम कुडेरादादर, गरजाई, जटियाई, टेगनाही, मुढीपानी और गांव कुडेरादादर, मेडकीडबरी, कनसिघी, सेम्हरा, टेगनाबासा, रावनाभाटा सहित क्षेत्र में विधि विधान मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया गया। 27 सितंबर दिन शनिवार को पंचमी पर माता का विशेष श्रृंगार होगा ,30 सितंबर को महाष्टमी श्री दुर्गा अष्टमी पर हवन व पूर्णाहुति तथा 1 अक्टूबर को महानवमी पर विसर्जन किया जाएगा। नवरात्रि के साथ ही भक्ति का महापर्व शुरू हो गया है। अब पूरे दस दिनों तक लोगों की आस्था चरम पर रहेंगी। क्षेत्र देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। भक्ति भरे माहौल में घंटे घड़ियाल गूंजने लगे हैं। पर्व के दौरान अनेक धार्मिक आयोजन होंगे। रसेला सहित क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों में ज्योति कलश के रूप में आस्था के दीप जगमगाने लगे हैं। अंचल के गांवों में जहां प्रतिमा स्थापित किया गया है वहां अष्टभुजी देवी मा की आराधना प्रारंभ हो गई है। रसेला के शीतला मंदिर में 111 ज्योति,जटिआई में 325, मां गरजाई 240 और अंजनी आश्रम कुडेरादादर में अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित किया गया है। सभी जगह समितियों के सदस्यगण और श्रद्धालुओं मां की सुबह-शाम पूजा अर्चना कर आराधना कर रहे हैं। पंचमी और अष्टमी को मंदिरों में भक्तों की रहती है भीड। शीतला मंदिरों में पंचमी के दिन पूजा अर्चना के बाद ही महिलाओं का दर्शन करने जाते हैं, इसके पहले महिलाओं का जाना वर्जित माना गया है।

## खबर संक्षेप

### जिले में 10वां आयुर्वेद दिवस समारोह आज

**गरियाबंद।** भारत सरकार द्वारा इस वर्ष 23 सितम्बर को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया जाएगा। इसी क्रम में आयुष विभाग गरियाबंद द्वारा भी विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रवीण चंद्राकर ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत 23 सितम्बर को जनजागरूकता रैली, निरूशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं पौधारोपण का आयोजन किया जाएगा। आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ऑक्सन हॉल, वन विभाग, गरियाबंद में किया जाएगा। इस शिविर में आयुर्वेद चिकित्सकों की टीम द्वारा स्त्री रोग, वात रोग, चर्म रोग, उदर रोग, पक्षाघात आदि रोगों की निरूशुल्क जाँच एवं परामर्श दिया जाएगा। साथ ही होम्योपैथी चिकित्सा सेवाएँ भी उपलब्ध कराई जाएँगी तथा रोगियों को औषधियों का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्री रिखी यादव, उपाध्यक्ष श्री आसिफ़ मेमन एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर आयोजित रैली के माध्यम से नागरिकों को “आयुर्वेद अपनाएँ दृ स्वस्थ जीवन पाएँ” का संदेश दिया जाएगा। वहीं पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान औषधीय पौधों का महत्व बताया जाएगा।

# राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा प्रशिक्षण के लिए मॉक ड्रिल 25 सितंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय भारत सरकार, छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गरियाबंद के संयुक्त तत्वावधान में जिले में राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा प्रशिक्षण मॉक एक्सरसाइज आयोजित किया जाएगा। यह मॉक ड्रिल 25 सितम्बर 2025, गुरुवार को प्रातः 11 बजे मरौदा जलाशय (ग्राम मरौदा, तहसील गरियाबंद) तथा तौरेंगा जलाशय (ग्राम तौरेंगा, तहसील छुरा, जिला गरियाबंद) में होगा। इस दौरान आपदा की परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों की परख की जाएगी और आम नागरिकों को बाढ़ आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर बीएस उईके ने सार्वजनिक सूचना जारी की है। कलेक्टर ने बताया कि यह केवल एक प्रशिक्षण प्रक्रिया है, इसलिए नागरिकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्यों की वास्तविक स्थिति का अभ्यास किया जाएगा, जिससे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों को आपातकालीन परिस्थिति का अनुभव मिल सके। मॉक ड्रिल के संबंध में नागरिकों के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए है। इसके अनुसार अभ्यास के दौरान शांति बनाए रखें और किसी प्रकार की घबराहट न फैलाएं। अफवाहों से दूर रहें और दूसरों को भी सही जानकारी दें। मॉक ड्रिल में प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। जिला प्रशासन ने अपील की है कि नागरिक अपने-अपने स्तर पर सहयोग दें, क्योंकि आपदा के समय जनता की भागीदारी और सजगता सबसे महत्वपूर्ण होती है। मॉक ड्रिल की सफलता आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूत करेगी और जिले को संभावित आपदाओं से निपटने में सक्षम बनाएगी।

■ मरौदा एवं तौरेंगा जलाशय में आपदा प्रबंधन की होगी परख

### सहकारी समिति रसेला का आमसभा 24 को

**रसेला।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रसेला प.क्र. 1769 के वार्षिक आमसभा 24 सितंबर दिन बुधवार को समय दोपहर 12 बजे संस्था कार्यालय में रखा गया है। समिति की आमसभा में प्रतिवेदन वर्ष 24 - 25 का पठन-पाठन होगा। साथ ही वर्ष 24-25 का पारित वित्तीय पत्रको को अवलोकन करना एवं अनुमोदन किया जाएगा। वर्ष 23-24 की पारित अंकेक्षण टीप का अवलोकन एवं अनुमोदन करना। समिति के शुद्ध लाभ का विभाजन उपनियमों एवं नियमानुसार, वर्ष 25 -26 के विकास कार्यक्रम का अवलोकन एवं अनुमोदन किया जाएगा। वर्ष 25-26 का बजट अनुमानित आय व्यय लेखा का अवलोकन एवं स्वीकृति देना। समिति वार्षिक वित्तीय पत्रक के लिए माननीय सहायक पंजीयक कार्यालय से सपरिक्षक/आडिटर नियुक्ति करने के संबंध, प्राधिकृत अधिकारी के अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा किया जाएगा। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रसेला के अंतर्गत क्षेत्र के सभी किसानों को अधिक से अधिक संख्या में आमसभा के कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है।




## माता के दर्शन के लिए भक्तों की उमड़ रही भारी भीड़

# मौली माता मंदिर में 1717 ज्योत कलश प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर।



शारदीय नवरात्रि पर्व की शुरुआत के साथ ही फिंगेश्वर नगर के प्रसिद्ध मौली माता मंदिर में इस वर्ष 1717 और शीतला मंदिर में 500 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। नवरात्रि के पहले दिन, 22 सितंबर, सोमवार से ही माता के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सोमवार को नगर सहित आस-पास के क्षेत्रों में दुर्गा पंडालों में देर रात तक माता दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित करने का सिलसिला चलता रहा। मौली माता मंदिर में पुजारियों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद ज्योत कक्ष में आस्था के ज्योत प्रज्ज्वलित किए गए। श्रद्धालु हाथों में नारियल लेकर मंदिर पहुंच रहे हैं और पूजा-अर्चना कर मन्नतें मांग रहे हैं।

**इस वर्ष का विशेष संयोग-** पंडितों के अनुसार, इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आ रही हैं, जो बेहद शुभ माना जाता है। इस संयोग का अर्थ है कि भगवान गणेश के साथ महादेव की पूजा भी फलदायी होगी। इससे घरों में पारिवारिक प्रेम, सुख और समृद्धि की वर्षा होगी। छात्रों को परीक्षा में सफलता मिलेगी और संतान प्राप्ति की मन्नतें पूरी होंगी। मंदिर परिसर और सड़क पर बैरिकेड लगाए गए हैं, ताकि भक्तों को आने-जाने में कोई असुविधा न हो।

## खबर संक्षेप



### टोंगोपानी कला में दुर्गा प्रतिमा स्थापित

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम टोंगोपानी कला में दुर्गा उत्सव समिति बढ़ चौक फ्रेंड्स युवा संगठन द्वारा स्थापित माता दुर्गा की प्रतिमा।

### बड़गांव में 25 छात्रों को बांटी गई साइकिल

**महासमुंद।** शासकीय हाई स्कूल बड़गांव में सत्र 2025-26 के लिए निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत 25 छात्राओं को साइकिल वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जवाहर ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, टिकेश्वरी चक्रधारी उपसरपंच, लोकनाथ चक्रधारी अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति हाईस्कूल बड़गांव, ललित निषाद अध्यक्ष शाला विकास समिति मिडिल स्कूल बड़गांव, दानी राम, रतिराम यादव, अनिल कुमार वर्मा प्राचार्य, महेश कुमार ध्रुव, सुनील साहू, सूर्यबाला ठाकुर, रेखा राजपूत व्याख्यातागण तथा दौवा यादव आदि उपस्थित रहे।

### जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स बनाकर लोगों को बेतहाशा लूटा: रश्मि

**महासमुंद।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष



डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि व्यापारियों, छोटे उद्योगों और आम उपभोक्ताओं ने इस टैक्स के बोझ से काफी नुकसान झेला है। कई उद्योग बंद हुए, रोजगार प्रभावित हुआ और महंगाई लगातार बढ़ती गई। ऐसे में केंद्र की मोदी सरकार को इस मुद्दे पर स्पष्ट जवाब देना चाहिए। केंद्र सरकार की जीएसटी नीति को लेकर डॉ रश्मि चंद्राकर ने तीखे सवाल उठाए। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि पीएम मोदी ने 2017 से लेकर 2024 तक 28 प्रतिशत जीएसटी की गलत दर लागू कर जनता से लाखों-करोड़ों रुपये वसूल किए हैं। अब जबकि जीएसटी में बदलाव और दरों में कमी की बात हो रही है, तो क्या प्रधानमंत्री जनता को यह बताएंगे कि इन सात वर्षों में जो भारी-भरकम टैक्स की राशि जमा की गई, वह वापस की जाएगी या नहीं? यह केवल टैक्स का मामला नहीं, बल्कि जनता के विश्वास से जुड़ा सवाल है।

### प्रशिक्षक पदों के लिए साक्षात्कार कल

**महासमुंद।** समग्र शिक्षा के पीएमश्री योजना अंतर्गत जिले के 12 पीएमश्री विद्यालयों के लिए संगीत प्रशिक्षक, अंशकालिक योग प्रशिक्षक, खेल शिक्षक एवं प्रशिक्षक पदों के लिए आमंत्रित आवेदनों की दावा-आपत्ति प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। अब पात्र अभ्यर्थियों के साक्षात्कार आयोजित किए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा महासमुंद ने जानकारी दी है कि साक्षात्कार 24 सितंबर 2025 को प्रातः 11 बजे से जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा महासमुंद में आयोजित किया जाएगा।

### चक्रपूजा महोत्सव के लिए बनी रणनीति, युवा प्रकोष्ठ का गठन

**सांकरा।** तीन दिवसीय चक्रपूजा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए कुंभकार महासंघ फुलझर अंचल की बैठक हुई। जिसका संचालन धर्मेंद्रनाथ राणा अध्यक्ष कुंभकार महासंघ फुलझर अंचल के नेतृत्व तथा संरक्षक बाबूलाल राणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समाज के उत्थान और महोत्सव की भव्यता के लिए अनेक विषयों पर गहन चर्चा की गई। महासंघ की नियमावली के संशोधन पर विचार करते हुए एक समिति गठित कर संशोधन की जिम्मेदारी अध्यक्ष को सौंपी गई।

## अनावरण : डोगेंश्वर धाम बोरिद नवनिर्मित मंदिर में कर्मा माता की भव्य प्रतिमा की स्थापना हुई

# विधायक ने कर्मा माता मंदिर में प्रतिमा का किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर

राजिम विधायक रोहित साहू ने सोमवार को भक्त माता कर्मा के भव्य मंदिर में प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने साहू समाज के समर्पण और प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि साहू समाज का आत्मबल उसे लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ा रहा है, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इसी समाज से आते हैं, जो विकसित भारत के सपने को साकार करने में लगे हैं। विधायक ने राजिम क्षेत्र में समाज की एकता को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। विधायक ने इस दौरान कई विकास कार्यों का उल्लेख और घोषणा की। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि साहू समाज की आराध्य राजिम माता की 70 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा के लिए 5 करोड़ रुपए की घोषणा एक ऐतिहासिक कदम है। घाट खाले पिपरछेड़ी और कोटरी नाला क्षेत्र में सिंचाई प्रबंधन के लिए प्रयास किए गए हैं। समिति की मांग पर मंदिर तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क निर्माण की योजना की घोषणा की। जनसंपर्क राशि से क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों की भी घोषणा की गई। विधायक ने 6 लाख रुपये के सामुदायिक भवन और 20 लाख रुपये के टीना शेड का भी लोकार्पण किया।





### डोंगरेश्वर धाम में कर्मा माता की प्रतिमा स्थापना

साहू समाज परिक्षेत्र जामगांव के तत्वावधान में डोंगरेश्वर धाम बोरीद में नवनिर्मित मंदिर में कर्मा माता की प्रतिमा की स्थापना बड़े ही धार्मिक उत्साह के साथ सोमवार को संपन्न हुई। यह प्रतिमा वियतनाम संगमरमर से बनी है और इसका वजन तीन क्विंटल से अधिक है। विधायक रोहित साहू ने स्वयं अपने एक माह के वेतन के साथ 2 लाख 21 हजार रुपए दान देकर यह प्रतिमा भेंट की। विधायक साहू और उनकी धर्मपत्नी भुवनेश्वरी साहू ने मुख्य यजमान के रूप में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कर्मा माता की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस धार्मिक कार्यक्रम में साहू समाज सहित सभी वर्गों और क्षेत्रवासियों की भारी उपस्थिति रही। पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था और श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। यह आयोजन धार्मिक महत्व के साथ-साथ सामाजिक एकता का भी एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम में संत गोवर्धन शरण ने भी भक्तों को संबोधित किया।



### ये रहे शामिल

इस मौके पर साहू समाज प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, अध्यक्ष मनोहर साहू, सरक्षंक कूंजन साहू, गंगाराम साहू, हंसराम साहू,राजु साहू, सतु साहू, गुपेश साहू, कुंती साहू, आन्नद साहू, अशोक साहू, पन्ना, राधे श्याम, जनक, खोरबाहरा, पुरोषतम, सरपंच बोरिद हूमन सिन्हा, सरपंच सरकड़ा बिरोड़ा अमिता मनोज यदू, पोषण, जागेश्वर, त्रिवेणी, जनपद सदस्य माधुरी ध्रुव, राभमस अध्यलाला राम साहू, मधुबाला रात्रे, राजु साहू, जिला दिव्यांग संघ अध्यक्ष जागेश्वर साहू, नुतन साहू, अध्यक्ष सरपंच संघ हरिष साहू, मिंजुन साहू, होरी लाल साहू, कोमल ढीढी, प्रेम टोडर, मनोज यदू, राजकुमार सिन्हा, किशोर साहू, जिला संघ अंजोर साहू, यशवन्त साहू, मिलाप ध्रुव, दूलारी साहू, नंदी शर्मा, ईश्वर साहू, रामु राम साहू, ओमप्रकाश सिन्हा, केदार ध्रुव, पेनु बंजारे, जनपद सदस्य मंजु साहू, मंच संचालक मनोहर साहू उपस्थित थे।

# भगवा ध्वज का शुभारंभ, दिवंगत नितुल देवांगन को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस अवसर पर नगर के हृदय स्थल बस स्टैंड के पास पं.दीनदयाल उपाध्याय चौक पर भव्य रुप से भगवा ध्वज अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू के हाथों फहरा कर शुभारंभ किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा के विशेष पहल से नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू एवं उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी के द्वारा भगवा ध्वज की स्थापना किया गया। गौरतलब है कि पिछले दिनों एक दुर्घटना में युवा साथी नितुल देवांगन का निधन हो गया था। उसी के याद में भगवा ध्वज का स्थापना किया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत पं. संतोष मिश्रा के मंत्रोच्चार से पूजा-अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल,विधायक प्रतिनिधि संजय साहू,परदेशीराम साहू,राजकुमार कंसारी, अशोक





नागवानी, मयाराम साहू, पाल सिंह चावला, सभापति सचिन सचदेव, सहदेव कंसारी, पूजा कंसारी, पार्षद जीना निषाद, लोमेश्वरी साहू, महामंत्री सिंटू सौरभ जैन, चेतन साहू, धीरज साहू, तनु मिश्रा, पदमिनी सोनी, नीता धीवर, मुकुंद मेश्राम, मनीष चौधरी, पारसमनी साहू, राजू रजक, अनुज राजपूत, राजेश गिलहरे, लीला निषाद, गौरव समनानी, जनपद सदस्य वर्षा मिश्रा, सेवाराम यादव, दुजराम साहू, धनमती साहू, तनु मिश्रा, उमा कंसारी, किरण सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हिंदुत्व की अलख जगाने 50 लाख घरों में भारत माता की तस्वीर बांटेगा संघ : साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

सामाजिक कार्यकर्ता नत्थूराम साहू ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में हिंदुत्व की अलख जगाने 50 लाख घरों में भारत माता की तस्वीर बांटेगा और हर घर जाकर संघ के कार्यकर्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा किए गए उपलब्धि और सेवा कार्य को समाज के समक्ष रखेगा विगत 100 साल में संघ द्वारा क्या और कैसे कार्य किया गया है तमाम चुनौतियों के बाद भी संघ आज अपना स्वर्णिम 100 साल पूरा कर रहा है यह कार्य विजयदशमी उत्सव से प्रारंभ होकर नवंबर तक चलेगा जिसमें वृहद गृह संपर्क अभियान और संघ का पत्रक प्रत्येक घरों में संघ के कार्यकर्ता स्वयं सेवक वितरण करेंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी 34 जिलों में अलग-अलग स्थान पर विजयदशमी उत्सव मनाया जाएगा और हिंदू समाज को संगठित और संरक्षित करने की दिशा में जन जागरण किया जाएगा सभी भारतवासी भारत मां के संतान हैं और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी एकत्र होकर एक स्वर में भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में कार्य करना होगा। संघ प्रत्येक गांव,बस्ती, मंडल,



खंड और जिला स्तर पर अलग-अलग टोली बनाया जाएगा। प्रत्येक गांव में संघ की शाखा प्रारंभ किया जाएगा और जहां शाखा नहीं है वहां मिलन और मंडली के माध्यम से हर गांव बस्ती को जोड़ने का प्रार्थना किया जाए खासकर युवा वर्ग को अपने साथ जोड़ेगा और ऐसे कार्यकर्ता जो संघ शिक्षा वर्ग शिक्षित है उनको सक्रिय किया जाएगा।

प्रत्येक शिक्षित कार्यकर्ताओं को दायित्व देकर कार्य में लगाया जाएगा। इस कार्य हेतु कार्य योजना तैयार किया जा रहा है जिसमें मातृशक्ति को भी इस टोली में जोड़ा जा रहा है यह कार्यक्रम विजयदशमी से शुरू होकर 21 नवंबर तक चलेगा इसके लिए नित निरंतर संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता कार्य योजना बनाने में लगे हुए हैं अलग-अलग स्थान पर बैठक का दौर जारी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष को हिंदू समाज को जगाने का कार्य करेगा जिसकी तैयारी हो चुकी है। नत्थू राम साहू ने बताया कि अभनपुर खण्ड के 12 मंडलों में हिंदू सम्मेलन होगा के सुंदरकेरा मंडल के सभी 10 गांव में विशाल हिन्दू सम्मेलन होगा और खंड स्तर पर युवा सम्मेलन होगा जिला स्तर पर प्रबुद्ध जन गोष्ठी एवं सामाजिक सद्भाव बैठक होगा।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत धमनी स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने ली स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत शालाओं में स्वच्छता का महत्व तथा बच्चों एवं समुदाय के सदस्यों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विद्यालयों में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा है की भावना के साथ शासकीय प्राथमिक शाला धमनी में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें स्वच्छता शपथ,बच्चों द्वारा स्वच्छता पर विचार,स्वयं की स्वच्छता,घर परिवार एवं परिवेश की स्वच्छता,




जल संरक्षण, वर्षा जल संग्रहण, हाथ धुलाई की प्रक्रिया, जल जीवन मिशन, अपने कक्षा कक्ष की सफाई, सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार,स्वच्छता जागरूकता रैली जैसे गतिविधियों के माध्यम से छात्र छात्रओं द्वारा स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है जिसमें शाला के सभी छात्र छात्रओं और शिक्षकों ने स्वच्छता शपथ लिया।शिक्षक महेन्द्र पंत ने बच्चों को शपथ दिलाते हुये अपने विद्यालय परिसर में गंदगी न फैलाने, श्रमदान करने तथा अपने निवास क्षेत्र और विद्यालय परिसर में स्वच्छता जागरूकता में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया।स्वयं को स्वच्छता के प्रति सजग रखते हुए अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का सकंल्प लिया।सप्ताह में दो घण्टे और वर्ष भर में कम से कम 100 घण्टे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने का भी शपथ लिए। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक गोप कुमार साहू, शिक्षक महेन्द्र पंत, उत्तम भारती, पदमनी साहू, अनीता राजपूत तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# विधायक ने जरूरतमंदों को दिया चेक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

विधायक इंद्रकुमार साहू ने सोमवार को विधायक कार्यालय में जरूरतमंद नगरवासियों को स्वेच्छा अनुदान की चेक वितरण कर सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं दिए। मालूम हो कि पिछले दिनों स्वास्थ्यगत व अन्य कारणों से आर्थिक संकट से गुजर रहे नगर के लोगों ने विधायक श्री साहू से मिलकर अपनी समस्या बताया था जिस पर त्वरित पहल करते हुए विधायक श्री साहू ने अनेक लोगों को स्वेच्छा अनुदान राशि का चेक प्रदान किया। इसी क्रम में भाजयुमो के युवा साथी नितुल देवांगन का पिछले दिनों एक दुर्घटना में निधन हो गया था। इस पर विधायक श्री साहू ने मृतक के परिवारजनों को आर्थिक सहयोग राशि शासन से दिलाने का आश्वासन दिया था जिसे पूरा करते हुए उनके परिजन को 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा ने बताया कि विधायक श्री साहू की विशेष पहल पर यह राशि आबंटित है। कार्यक्रम में विशेष रूप से मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ,उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी,पालिका के पूर्व अध्यक्ष



विजय गोयल,विधायक प्रतिनिधि संजय साहू,परदेशीराम साहू,राजकुमार कंसारी, अशोक नागवानी, मयाराम साहू,पाल सिंह चावला, सभापति सचिन सचदेव,सहदेव कंसारी, पूजा कंसारी,पार्षद जीना निषाद,लोमेश्वरी साहू ,महामंत्री सिंटू सौरभ जैन,चेतन साहू,धीरज साहू,तनु मिश्रा, पदमिनी सोनी,नीता धीवर,मुकुंद मेश्राम,मनीष चौधरी,पारसमनी साहू,राजू रजक,अनुज राजपूत,राजेश गिलहरे,लीला निषाद,गौरव समनानी, जनपद सदस्य वर्षा मिश्रा,सेवाराम यादव, दुजराम साहू,धनमती साहू, तनु मिश्रा,उमा कंसारी,किरण सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## केंद्र में दी जाने वाली सुविधाओं का लिया जायजा

# कलेक्टर ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके ने आज ग्राम जड़जड़ा में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया तथा बच्चों से आत्मीय संवाद भी किया। कलेक्टर ने रेडी टू ईट खाद्य सामग्री, बच्चों के लिए तैयार किए जा रहे गर्म भोजन और केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रखर चंद्राकर, डीपीओ महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक पांडे, परियोजना अधिकारी सहित आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक, कार्यकर्ता मौजूद रहे। कलेक्टर श्री उईके ने निरीक्षण के दौरान बच्चों से आंगनबाड़ी केंद्र में होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान पांच वर्षीय बच्ची निजिया निषाद सहित सभी बच्चों ने सामूहिक रूप से बाल गीत प्रस्तुत किया। बच्चों की सीखने की ललक और उत्साह देखकर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त की और उनकी सराहना की। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए और भी बेहतर प्रयास करने के निर्देश दिए।

### बच्चों से आत्मीयता से की बातचीत



### बच्चों को पोषण के साथ शिक्षा और संस्कार की भी नींव मिलती

कलेक्टर श्री उईके ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में कुपोषण मुक्ति और शिशु विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। यहां बच्चों को पोषण के साथ शिक्षा और संस्कार की भी नींव मिलती है। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, समय पर टीकाकरण और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देने को कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों के लिए स्वच्छ वातावरण, खेलकूद सामग्री और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों की खुशहाल मुस्कान ही सरकार की योजनाओं की सफलता का प्रतीक है। इस अवसर पर ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे।

# सुपोषण रथ कर रहे ग्रामीणों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखण्डों में सुपोषण रथ पहुंचकर ग्रामीणों को पोषण की जानकारी दे रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम मामा भांचा में सुपोषण रथ पहुंचकर महिला व बच्चों के पोषण के प्रति जागृत किया गया। पुरे छतीसगढ सहित महासमुंद जिले में 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जाएगा। जिले के पांचों विकासखण्डों में 01 अक्टूबर तक भ्रमण करेगी। पोषण माह अंतर्गत महिलाओं, बच्चों और किशोरियों के स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता को सुदृढ़ बनाना है। पोषण माह का उद्देश्य जन-जन तक संतुलित आहार, एनीमिया मुक्त, स्तनपान के महत्व, स्कूल जाने वाले बच्चों के पोषण स्तर में सुधार तथा परिवार स्तर पर पोषण थाली और मिलेट्स के उपयोग को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत पूरे माह जिलेभर में आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों एवं पंचायत स्तर पर पोषण मेले, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, जनजागरूकता रैली और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। ग्राम मामा भांचा के ग्रामीणों को सुपोषण रथ के माध्यम से जागरूक किया गया। जिसमें सेक्टर कार्यकर्ता अनंता, हिरौंदी, सुमित्रा, भुनेश्वरी, गायत्री, आंबा सहायिका जगबाई यादव, मितानिन कांति साहू, कंचन, तुलसी, दुखा बाई, पार्वती, कांति ध्रुव, चंद्रशेखर यादव, गोपाल निषाद, अर्जुन चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में बच्चे और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### जिला पुलिस के एएसआई संजय क्षत्रिय बने एसआई

**गरियाबंद।** पुलिस विभाग की पदोन्नति प्रक्रिया के तहत गरियाबंद पुलिस में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक संजय सिंह क्षत्रिय को उप निरीक्षक (एसआई) के पद पर पदोन्नत किया गया है। संजय सिंह क्षत्रिय की कार्यशैली, कर्तव्यनिष्ठा और सेवाकालीन उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई। सोमवार को पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑप्स) धीरेन्द्र पटेल एवं अति पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चंद्राकर की उपस्थिति में उन्हें स्टार लगाया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उन्हें पुलिस परिवार की ओर से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी यह पदोन्नति पूरे विभाग के लिए गौरव की बात है। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की कामना की गई।

### कलेक्टर उईके की अध्यक्षता में जेम पोर्टल कार्यशाला

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ शासन के भण्डार क्रय नियम 2002 (संशोधित) तथा भारत शासन के जेम पोर्टल के प्रावधानों के तहत शासकीय खरीदी की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय, सभाकक्ष गरियाबंद में कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला की अध्यक्षता कलेक्टर बीएस उइके ने की। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अब समस्त शासकीय खरीदी जेम पोर्टल के माध्यम से ही की जानी है। इसके लिए सभी विभागीय अधिकारियों को समय पर प्रशिक्षण लेकर पोर्टल का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना होगा। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता लाना विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जेम पोर्टल के माध्यम से न केवल विभागीय खरीदी में सरलता आएगी बल्कि भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग एवं केंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में कार्यालय प्रमुख, आहरण एवं संवीतन अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया तथा जेम पोर्टल के तकनीकी पक्षों की विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे कार्यशाला से प्राप्त जानकारी को व्यवहार में उतारकर जिले की खरीदी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाएं।

### शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में आरोपियों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना और सरायपाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब की अवैध बिक्री के मामलों में आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है।

बसना पुलिस ने बताया मुखबीर से मिली सूचना के बाद मनटोरी बाई कालसा की बाड़ी में पहुंचकर शराब जब्त किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मनटोरी कालसा पति तिजराम कालसा (30 साल) भंवरपुर बसना होना बताया। आरोपी के कब्जे से 7 लीटर अवैध महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी महिला के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

वहीं सरायपाली थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 08 जलपुर से फिरन पटेल पिता स्व. शिवकुमार पटेल (34 वर्ष) के कब्जे से 20 लीटर देशी हाथ महुआ शराब कीमत 4000 रुपए को जब्त किया गया।

**सम्मेलन : सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्रबुद्धजन सम्मेलन, साहित्यकार और शिक्षकों का हुआ सम्मान**

# योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भाजपा का संकल्प : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भारतीय जनता पार्टी जिला द्वारा राजिम में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित किया। कार्यक्रम में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रुपकुमारी चौधरी, राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू,पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर,जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप सहित वरिष्ठ भाजपा नेतागण एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े बुद्धिजीवी, साहित्यकार और गणमान्य नागरिक शामिल हुए राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित शिक्षक मुन्नालाल देवदास, दीप्ति मिश्रा एवं साहित्यकारों का शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया। सांसद रुपकुमारी चौधरी ने प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के उन स्तंभों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने का एक मंच है, जिन पर हमारे समाज की नींव टिकी है। राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि आज हमारे बीच वकील, शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर, व्यापारी और अन्य सम्मानित प्रबुद्धजन उपस्थित हैं। यह हमारे लिए गर्व का विषय विषय है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समाज के इन बुद्धिजीवियों की भागीदारी से ही हम एक सशक्त और जागरूक समाज का निर्माण कर सकते हैं।

■ सांसद रूपकुमारी चौधरी हुई शामिल





### समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं

विधायक रोहित साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह अभियान समाज के हर वर्ग को जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा समाज के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भाजपा का संकल्प है। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सेवा ही संगठन के आह्वान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। हमारे कार्यकर्ता स्वास्थ्य शिविरों, स्वच्छता अभियान और जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने में जुटे हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं और देश तथा समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि सभी प्रबुद्धजन का अनुभव और ज्ञान हमारे लिए अमूल्य है। हम चाहते हैं कि आप हमारे साथ मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करें, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिले और सभी का जीवन खुशहाल हो। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना भारत को परम वैभव तक पहुचाने की है,जिसे प्रबुद्धजनों के आशीर्वाद से ही संभव बनाया जा सकता है। भाजपा जिला महामंत्री डॉ. आशीष शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति से यह सम्मेलन सफल हुआ। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन होते रहेंगे, ताकि समाज के प्रबुद्ध वर्ग के साथ निरंतर संवाद बना रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने किया।

### कार्यक्रम में ये रहे शामिल

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कार्यक्रम के संयोजक भागीरथी मांझी,पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू,भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, ईश्वर साहू, कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव सिंह हुंदल, मुरलीधर सिन्हा, प्रवक्ता राधेश्याम सोनवानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजिम रिकेश साहू, फिंगेश्वर मंजुलता हरित, खड़मा हेमंत सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष राजिम महेश यादव, कोपरा रूपनारायण साहू, नगर पालिका गरियाबंद अध्यक्ष रिखीराम यादव, जिला पंचायत सदस्य नंदनी-ओंकार साहू,नेहरू साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, तारणी सेन, रामूराम साहू, भारती साहू, डॉ. डाली साहू, कमल सिन्हा, सोमप्रकाश साहू, मधुबाला रात्रे, धानबाई साहू, रेणुका साहू, प्रेम टोंडर, पलेंद्र साहू, विक्रम मेघवानी, रोमन साहू, सुनील श्रीवास्तव, मनीराम साहू, नूतन साहू, काशीपुरी कुंदन, संतोष सोनकर, टीकमचंद सेन सहित अनेक व्यापारी गण, साहित्यकार, प्रबुद्धजन शामिल हुए।

## डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, मुंगझर में ओरियंटेशन प्रोग्राम का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मुंगझर में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को विद्यालय की शैक्षणिक प्रणाली, नियमावली और भविष्य की शैक्षिक योजनाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कक्षा एलकेजी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों के अभिभावक शामिल हुए विद्यालय की शिक्षिका ऐश्वर्या साहू ने कार्यक्रम की शुरुआत की तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक क्रियाकलाप, गतिविधियों एवं मूल्यांकन से संबंधित अनेक प्रकरणों को विस्तार से बताया और अभिभावकों के प्रश्नों, समस्याओं का बेहतर सलीके से समाधान किया। शिक्षिका संगीता माहिले, हेमलता कश्यप, शिक्षक झंसकेतन सोनी, अमित साहू ने भी विद्यार्थियों की समस्या और अभिभावकों के जिम्मेदारियों के बारे में बताया और एक पालक के दायित्वों को सही तरीके से निर्वहन करने को कहा शिक्षकों ने विषयवार प्रस्तुति देते हुए पाठ्यक्रम, सह-पाठयक्रम गतिविधियां, प्रतियोगिताएं तथा विद्यार्थियों के सवांर्गीण विकास के लिए विद्यालय की विशेष पहल पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही स्वास्थ्य, स्वच्छता, अनुशासन और तकनीकी शिक्षा के महत्व पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्या सुमिता सिंह ने सभी अभिभावकों व विद्यार्थियों का स्वागत सह आभार प्रकट करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और वार्षिक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया अभिभावकों ने भी विद्यालय की पहल की सराहना की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह ओरियंटेशन प्रोग्राम विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए अत्यंत उपयोगी व प्रेरणादायी सिद्ध हुआ।

## तेंदूपत्ता समितियों की वार्षिक आमसभा में देवसिंह रात्रे ने रखी संग्राहकों की मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं विकास सहकारी संघ की 25वीं वार्षिक साधारण सभा में उठाए गए मुद्दों पर चर्चा करने के लिए छुरा और आमझर लघु वनोपज समितियों की वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद देवसिंह रात्रे ने तेंदूपत्ता संग्राहकों, समिति प्रबंधकों और अन्य कर्मचारियों के हितों से संबंधित विभिन्न मांगों और प्रस्तावों को साझा किया।

लघु वनोपज व्यापार एवं विकास सहकारी संघ की 25वीं वार्षिक साधारण सभा रायपुर की बैठक में तेंदूपत्ता संग्रहको, समिति प्रबंधकों, संघ कर्मचारियों एवं संचालक मंडल के सदस्यों के पक्ष में मैंने अपनी पक्ष रखा एवं वनों से संबंधी गुणवत्ता के बारे में प्रस्ताव रखा। उक्त बातें छुरा लघु वनोपज एवं आमझर लघु वनोपज समिति की वार्षिक आमसभा में मुख्य अतिथि के आसंदी पर बैठे देवसिंह रात्रे ने कही।

श्री रात्रे ने आगे कहा कि फड़ मुंशीयों को 25000 वार्षिक ममानदेय आमसभा में तत्काल जोड़ने, गरियाबंद वन मंडल अंतर्गत प्राथमिक वनोंपॉज सहकारी समिति में समारोह व्यय हेतु 5 प्रति मानक बोरा की दर से राशि प्रावधानित किया गया है जो कि वर्ष 2021 में 70 समिति में रुपया 349154 , 2022 में 57 समिति का 354100 , 2022 में पांच समिति का 30598 रुपया कुल 733852 रुपया आज तक का अप्राप्त है तत्काल प्रदान किया जावे, संघ कर्मचारियों के मेडिकल क्लेम रोका गया है जिसे तत्काल प्रभाव में लाया जावे, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं विकास को वन मंडल में सिविलियन किया जावें। प्रबंधकों का स्वीकृत वेतन मैट्रिक 7, 8, 9 संघ के सेटअप में लेकर नियमित किया जावे। 3 माह का राज्य संघ द्वारा देय तिथि आज तक लागू नहीं हुआ है एवं 1 वर्ष की परीक्षा अवधि के बाद नियमित माना जावे एवं प्रबंधकों के वेतन में प्रत्येक माह पीएफ कटौती किया जावे , एम एस पी परियोजना में जब हानी बताया जाता है तो इनकी संविदा भर्ती क्यों किया जा रहा है और इनका वेतन किस मद से दिया जा रहा है , हानी की स्थिति में तत्काल बंद कर दिया जावे , तेंदूपत्ता के व्यापार में आए से 15% की राशि का उपयोग किस कार्य में किया जा रहा है, प्राथमिक वनोंपज सहकारी समिति को राष्ट्रीय पर्व हेतु राशि आवंटित करने हेतु प्रस्तावित किया गया था जिसका अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है, गरियाबंद जिला में छुरा समिति में बाउंड्री वॉल के लिए 183133 एवं अमझर समिति को बाउंड्री वालों के लिए 115006 का आम सभा में प्रस्तावित कर भेजा था जो आज तक स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है , जिला एवं राज्य के लघु वन उपज के निर्वाचन संचालक मंडलके सदस्यों के बिना अनुमति अनुमोदन के वित्तीय स्वीकृति न हो एवं प्रति माह 10000 मानदेय प्रदान किया जावे, गरियाबंद जिला से प्रस्तावित करके अन्य प्रदेशों के वनोपज को देखने एवं अध्ययन करने के लिए राशि आवंटित करने का निवेदन किए थे जिनका जवाब अभी तक नहीं आया, राज्य संचालक मंडल के सदस्यों का तत्काल चुनाव करवाया जावेआदि बाते प्रस्ताव में रखने के लिज मैने प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ को कहा था। जिसे प्रस्ताव में लेने के लिए हामी भरी थी। कार्यक्रम को संतोष चौहान रेंजर पांडुका, लव कुश पांडे रेंजर छुरा, युवराज साहू वन सभापति जनपद पंचायत छुरा आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पदाधिकारीयों के साथ-साथ मुख्य रूप से अमाझर समिति के प्रबंधक नसरुद्दीन खान, छुरा के प्रबंधक जनक साहू, आमझर समिति के अध्यक्ष रुक्मिणी बाई ध्रुव, छुरा समिति के अध्यक्ष ललित कुमार सभी संचालक सदस्य गण, संग्रहक सदस्य गण, समिति के फड़ मुंसी आदि उपस्थित थे।

## शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिले में गुणवत्ता सुधार हेतु एवं विभाग से संबंधित विभिन्न प्रकार के जानकारी प्रशासनिक कसावट लाने के लिए जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला के द्वारा जिला स्तरीय समीक्षा बैठक दिनांक 22/9/2025, सोमवार को सुबह 11 बजे से पी एम श्री सेजेस हायर सेकेण्डरी स्कूल गरियाबंद में आयोजित की गयी। बैठक में जिला के सभी ए पी सी मनोज केला,विल्सन थॉमस, योगेश पटेल,विकासखंड स्त्रोत समन्वयक छन्नू सिन्हा,सुभाष शर्मा, एसके नागे, हरीश देवांगन, कुंदन लाल धरपाल, प्रोग्रामर नदीम अहमद उपस्थित थे। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा ने बारी-बारी से क्रमशः सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी चाही। जिसके अंतर्गत शिक्षा विभाग में संचालित विभिन्न गतिविधियों की अद्यतन जानकारी, प्रत्येक संकुल से आदर्श स्कूल 1 प्राथमिक एवं 1 माध्यमिक शाला की सूची संकुल/वि.खं स्तर पर गुणवत्ता सुधार हेतु का य ेयो ज ना , शा ला अवलोकन/निरीक्षण कार्ययोजना

प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं में चयनित छात्रों की जानकारी लिया गया। बैठक के दौरान अधिकारी के द्वारा केंद्र सरकार के द्वारा संचालित योजनाएं एवं जानकारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर बी आर सी सी,संकुल समन्वयको से सविस्तर चर्चा किया गया। बैठक में सभी संकुल समन्वयको को स्पष्ट निर्देश दिया गया है, कि अपने संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन मैं किसी भी प्रकार की लापरवाही ना करें। निर्धारित तय सीमा में यू डाइस की एंट्री पूर्ण करें। सभी विद्यालयों में नियमित शाला अवलोकन करें। विद्यालय स्वच्छ रहना चाहिए मैदान के अनावश्यक खरपतवार की सफाई करें। एक पेड़ मां के नाम पोर्टल पर सभी विद्यार्थियों की अपनी मां के साथ पेड़ लगाते हुए फोटो तत्काल अपलोड करें। विद्यालय में विभिन्न प्रकार की नवरी गतिविधियां संचालित होती रहती है। शिक्षकों को नवा चारी गतिविधियों से शिक्षा हेतु प्रेरित कर उपरोक्त गतिविधियों को व्हाट्सएप के माध्यम से उच्च कार्यालय में प्रेषित करें। ताकि एक दूसरे स्कूल भी सीख सके अपने विद्यालय में पहल कर सके। कक्षा पहली और दूसरी की शुरुआती 90 दिवस स्कुल रेडीनेस पर आधारित रहता है। इसके अंतर्गत खेल-खेल में शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए। समावेशी शिक्षा दिव्यांग बच्चों की सर्वे सहित विभिन्न जानकारी, मध्यान भोजन के गुणवत्ता पर रसोई कक्ष के साफ सफाई पर विशेष ध्यान सहित विभिन्न मुद्दों पर जानकारी ली गई।इस बैठक में जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला, एपीसी मनोज केला, विल्सन थॉमस, योगेश पटेल, बीआरसीसी छन्नू सिन्हा, सुभाष शर्मा, हरीश देवांगन, एसके नागे, कुंदन लाल धरपाल, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा, संतोष साहू, यशवंत सिन्हा, अशोक तिवारी, गीता सरनागत, मुकेश ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, भुवन यदु, सुंदर कश्यप सहित जिले भर के संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री नवीन का राजिम में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



भाजपा प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय का राजिम विश्राम गृह में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू,उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, ईश्वर साहू,जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके,मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू,मंजुलता हरित सहित कई वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत समारोह से हुई, जिसमें कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश महामंत्री का तिलक और पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया। इसके बाद औपचारिक चर्चा का दौर शुरू हुआ, जिसमें पार्टी नेताओं ने आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, जिले में चल रहे विकास कार्यों और जनता से जुड़ी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। विशेष रूप से इस अवसर पर महामंत्री ने सेवा पखवाड़ा और विकसित भारत संकल्प अभियान से जुड़े कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के महत्व पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लाए गए जीएसटी रिफॉर्म के प्रभाव और इसके माध्यम से व्यापार, उद्योग और आम जनता को मिलने वाले लाभ पर भी विस्तृत चर्चा की। महामंत्री ने क्षेत्रीय नेतृत्व और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि इन सुधारों और अभियान की जानकारी व्यापक रूप से जनता तक पहुंचाई जाए, ताकि सभी वर्गों को सीधे लाभ मिल सके। सभा में उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जिले में पार्टी की सक्रियता, संगठन की मजबूती और जनता के हित में किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की। यह भव्य स्वागत समारोह में भाजपा की संगठनात्मक सक्रियता और जनता से जुड़े संपर्क को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण अवसर रहा। इस अवसर पर आकाश राजपूत,लिकेश्वर साहू, आशीष पांडेय, सीमा ठाकुर, संजू साहू, अमित वखारिया, ओमकार साहू, भीम निषाद, मुकेश साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लघु वनोपज समिति मुढीपानी में वार्षिक आम सभा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



प्राथमिक लघु वनोपज समिति मुढीपानी पं क्र.291 की वार्षिक आमसभा का आयोजन 20 सितंबर को किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दयाराम नागेश संचालक जिला युनियन गरियाबंद, अमरसाय मरकाम अध्यक्ष मुढीपानी समिति सहित अन्य अतिथियों के साथ पूजा-अर्चना कर किया। सबसे पहले समिति प्रबंधक नोहर सिंह ध्रुव द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26अगस्त तक का आय व्यय की जानकारी, शासन द्वारा संचालित जन कल्याण कारी योजना बीमा छात्रवृत्ति की जानकारी विस्तार पूर्वक बताया।जिला युनियन गरियाबंद के संचालक दयाराम नागेश ने ते.प. छोपाई से लेकर तोडाई तक जानकारी दिया गया कार्यक्रम में उपाध्यक्ष मान बाई दीवान समिति संचालक लछन्तीन दीवान, सुमार सिंह नेताम, मुलचंदसोरी फड अभिरक्षक अंबिका कंवर, रमशीला दीवान, फड मुंशी उज्जल मरकाम, हनुमान नेताम, शोभा राम नागेश, शंकर निषाद, संग्राहकों में गोकुल ध्रुव, जानु राम दीवान, रामाधीन निषाद मुंशी राम ठाकुर,सुभाष नेताम, टेलर नेताम एवं समिति के समस्त संग्राहक सदस्य उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### रानीपरतेवा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक रोहित से की मुलाकात

**मुड़ागांव (कोरासी)।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन सोमवार को ग्राम रानीपरतेवा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विधायक से सार्थक चर्चा की। कार्यकर्ताओं ने रानीपरतेवा सहित पूरे जनपद क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। इस बैठक में मौजूद प्रमुख सदस्यों में जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष सोमन यदु, सचिव रामप्रसाद शांडिल्य, कोषाध्यक्ष मुकेश साहू, सदस्य रमन नामदेव, तेज राम साहू, राजू मरकाम, रघुनाथ साहू, गिरवर सिन्हा और पुनउ प्रजापति, सेन, नोमेश निर्मलकर, राकेश अडवंशी सहित कई अन्य ग्रामीण भी शामिल थे। इस मुलाकात का उद्देश्य क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देना और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना था।

### भाजपा मंडल गरियाबंद द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत पौधा रोपण और स्वच्छता अभियान



**पाण्डुका।** भाजपा मंडल गरियाबंद द्वारा 'सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत ग्राम सड़कड़ा के बूथ क्रमांक 230 और 231 में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का अभियान चलाया गया। इस दौरान गांव की प्रमुख गलियों और शीतला मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई की गई और ग्रामीणों ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। इसके अतिरिक्त, शीतला तालाब में पौधारोपण भी किया गया। इस आयोजन में जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पौधारोपण एवं स्वच्छता के महत्व को समझाना है। उन्होंने सेवा पखवाड़ा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य दुलारी साहू, सरपंच कीर्तिलता दीवान, पंचायत प्रतिनिधि, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, बजरंग स्वच्छता टीम के सदस्य और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया।

### बंद हुई हाफ बिल योजना से उपभोक्ताओं में आक्रोशः गेन्दू

**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के महामंत्री गेंदु यादव ने प्रेकहा कि प्रदेश की पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता को महंगी बिजली दर से



राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना को मौजूदा भाजपा सरकार द्वारा हाल ही में बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही घरेलू बिजली दरों में की गई वृद्धि अब गांव, गरीब और किसानों पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। स्थिति यह है कि जो उपभोक्ता कांग्रेस शासनकाल में आधे बिजली बिल का भुगतान कर राहत महसूस करते थे, अब उन्हें दोगुने से भी अधिक राशि चुकानी पड़ रही है। इससे उपभोक्ताओं में खासा आक्रोश और असंतोष का माहौल बन गया है। ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री श्री यादव ने इस संदर्भ में अपने बयान में कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां सीधे-सीधे आम जनता के खिलाफ हैं। प्रदेश की जनता बिजली के दर बढ़ जाने से बेहद परेशान हो गए हैं।

पर्व : बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी के दर्शन के लिए पहुंच रहे

# मुड़ागांव में प्राचीन रमई पाट मंदिर में 950 मनोकामना ज्योति कलश हुए प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित घाट खाल्हे के ग्राम सोरिद खुर्द में, बिहड़ जंगलों और पहाड़ों के बीच स्थित देवी माता रमई पाट का प्राचीन मंदिर इन दिनों शारदीय नवरात्रि के कारण जगमगा रहा है। 8वीं शताब्दी से विराजमान मानी जाने वाली देवी के इस मंदिर में इस वर्ष नवरात्रि के दौरान 950 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं, जिनसे पूरा मंदिर परिसर अलौकिक आभा से भर गया है। शारदीय नवरात्रि के पहले दिन से ही छत्तीसगढ़ के साथ-साथ ओडिशा, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी के दर्शन के लिए यहां पहुंच रहे हैं। अपनी मनोकामनाओं को लेकर दूर-दूर से आए भक्तगण देवी के दर्शन कर आशीर्वाद ले रहे हैं।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस वर्ष यहां भोजन भंडारे का भी आयोजन किया गया है, जो दानदाताओं के सहयोग से नौ दिनों तक लगातार चलेगा। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद कराया जा रहा है, जिससे यहां का माहौल और भी भक्तिमय हो गया है। यह प्राचीन मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है, जहां हर साल नवरात्रि में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।



## जिले के शिव दुर्गा मंदिर में 301 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शक्ति की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि सोमवार, 22 सितंबर को विधि-विधान के साथ शुरू हो गया। गरियाबंद के शिव दुर्गा मंदिर में सुबह 11:36 बजे शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना और दीप प्रज्वलन के साथ इस नौ दिवसीय पावन पर्व का शुभारंभ हुआ।समिति सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष मंदिर परिसर में कुल 301 ज्योति कलश की स्थापना की गई है। नवरात्रि के पहले दिन से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता दुर्गा के दर्शन और पूजा के लिए मंदिर पहुंचने लगे हैं, जिससे भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन सुबह-शाम भजन-कीर्तन, आरती और पंडित राम कुमार शर्मा द्वारा श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर संरक्षक बृजलाल चंद्रकार, अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू, उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश मानिकपुरी, केशो राम साहू, शिव कुमार वर्मा, विजय कुमार साहू, मोहन लाल देवांगन, रमेश मेश्राम, सोहन देवांगन, आशीष तिवारी और वर्षा तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।





## गायत्री नवचेतना केंद्र में नवरात्रि की शुरू, अखंड दीप प्रज्ज्वलित



**फिंगेश्वर।** शारदीय नवरात्रि के पहले दिन, 22 सितंबर को, नगर के गायत्री नवचेतना केंद्र में भक्तिमय वातावरण में अखंड दीप प्रज्ज्वलन किया गया। यह पावन कार्य रोशन देवांगन और कोमिला देवांगन द्वारा किया गया, जिसके साथ ही नौ दिवसीय आध्यात्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ हो गया। इस अवसर पर साधना और एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ भी संपन्न हुआ। केंद्र की ओर से नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्रतिदिन आयोजित होने वाले इन साधना और यज्ञ कार्यक्रमों का लाभ उठाएं। दीप प्रज्ज्वलन के इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर माता के चरणों में शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान रोशन देवांगन, कोमिला देवांगन, कमला दलवानी, रोशन साहू, शिवम सोनी, गोविंद साहू, देवेंद्र तोपेश्वरी सिन्हा, देवेंद्र यदु, सेजल सोनी, अर्जुन खूमीन सिन्हा, पूर्णिमा यादव, हेमंत साहू, और यशकुमार सिन्हा सहित कई अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

## धूमधाम से शुरू हुई शारदीय नवरात्रि, देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर और पूरे विकासखंड में शारदीय नवरात्रि पर्व की शुरुआत सोमवार को पूरे विधि-विधान के साथ हुई। देवी मंदिरों में मंत्रोच्चार के साथ ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए और जवारे बोए गए, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल छा गया। वन विभाग कॉलोनी स्थित मां दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि विक्रम संवत 2082 के प्रारंभ के साथ अभिजीत मुहूर्त में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए। इस मंदिर में 144 ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा, शिव मंदिर फुलझर, उदंती स्थित माता मंदिर और बाजा घाटी मंदिर में भी भक्तों ने मनोकामना ज्योति कलश जलाए हैं। नवरात्रि के शुरू होते ही सभी मंदिरों में भजन-कीर्तन का सिलसिला शुरू हो गया है। देर शाम तक भक्त देवी के दर्शन के लिए मंदिरों में पहुंचते रहे। मैनपुर के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन





स्थल पैरी उद्गम में भी नवरात्रि के पहले दिन भारी भीड़ देखने को मिली। यहां पहाड़ी के नीचे और शिव मंदिर में सैकड़ों की संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। रात में देवी-देवताओं की सवारी निकाली जाएगी और माता सेवा का कार्यक्रम होगा। पैरी उद्गम के भाठीगढ़ में आचार्य राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय द्वारा पूजा-अर्चना संपन्न कराई जा रही है। श्री पैरी उद्गम लोककला एवं ग्राम विकास समिति भाठीगढ़ द्वारा श्रद्धालुओं के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था भी की जा रही है। इस आयोजन को सफल बनाने में हरीशचंद नेगी, छबीराम ध्रुव, देवी सिंह चक्रधारी, आशाराम यादव सहित कई अन्य ग्रामीण सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। विधायक जनक ध्रुव ने भी पैरी उद्गम पहुंचकर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की।

**मैनपुर नगर में शोभायात्रा के साथ हुई प्रतिमा स्थापना-** मैनपुर नगर में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा भी नवरात्रि धूमधाम से मनाई जा रही है। सुबह गांव के झाखर पुजारी और वरिष्ठजन शीतला मंदिर पहुंचे, जहां पूजा-अर्चना के बाद माता की ध्वजा के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा पूरे नगर से गुजरी, जहां जगह-जगह पारंपरिक तरीके से इसका स्वागत किया गया। इसके बाद दुर्गा मंच पर पंडित नंदकिशोर चौबे द्वारा विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। प्रतिमा के दर्शन और पूजा के लिए भक्तों की भारी भीड़ लगी रही।

# सशिमं में अभिभावक सम्मेलन, बच्चों के सर्वांगीण विकास पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

श्री भूतेश्वर नाथ बाल संस्कार समिति द्वारा संचालित नगर के एकमात्र संस्कारमय वातावरण से युक्त सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद में दिनांक 20 सितंबर 2025, शनिवार को कक्षा षष्ठी से द्वादश तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों का सम्मेलन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनोज चंद्राकर (गरियाबंद संकुल प्रभारी) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय कुमार सिन्हा (शिक्षक), गजेंद्र कुमार साहू (ब्लॉक नोडल अधिकारी), श्रीमती हेमिन निर्मलकर (शिक्षक) उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्य प्रकाश मानिकपुरी (व्यवस्थापक) एवं संचालन गोविंद किशोर सिन्हा ने किया। सम्मेलन की शुरुआत प्राचार्य चैन सिंह बघेल द्वारा की गई, जिन्होंने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।



उन्होंने कहा कि पालक सुनिश्चित करें कि बच्चे समय पर विद्यालय आएँ और अवकाश के समय हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से करें। विद्यालय की गतिविधियों, मूल्यांकन परीक्षा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी पालकों को होनी चाहिए।

बच्चों में राष्ट्रप्रेम, सांस्कृतिक बोध और अध्यात्मिक ज्ञान के साथ ही अच्छे संस्कार देना विद्यालय का ध्येय है। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा वाहन संचालन वर्जित होना चाहिए। पालकों ने भी विद्यालय की संस्कारमय शिक्षा व्यवस्था की सराहना की और कहा कि शिशु मंदिर ही ऐसा विद्यालय है जहाँ बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी मिलते हैं। मुख्य अतिथि मनोज चंद्राकर ने अपने संबोधन में मां को बच्चों की प्रथम गुरु बताते हुए मातृशक्ति की महिमा पर कविता प्रस्तुत की। विशिष्ट अतिथि गजेंद्र कुमार साहू ने कहा कि आज का युग तकनीकी शिक्षा का है, मोबाइल का उपयोग पढ़ाई के लिए करें, दुरुपयोग से बचें। वहीं विजय कुमार सिन्हा ने हिंदी भाषा को श्रेष्ठ बताते हुए गरियाबंद जिले की महत्ता को कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। अंत में प्राचार्य चैन सिंह बघेल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के जीवन निर्माण में माता-पिता, शिक्षक और आचार्यों की संयुक्त भूमिका ही सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त आचार्य/दीदी तथा समिति परिवार का विशेष योगदान रहा।

## अतरमरा के वार्ड क्रमांक 7 में सीसी रोड का भूमिपूजन

**पाण्डुका।** ग्राम पंचायत अतरमरा में अटल डिजिटल सेवा केंद्र एवं वार्ड क्रमांक 7 में सीसी रोड का भूमि पूजन किया गया। भूमिपूजन में शिवांगी चतुर्वेदी वन सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, दुलारी साहू जनपद सदस्य जनपद पंचायत छुरा, केजा बाई सोम सरपंच ग्राम पंचायत अतरमरा, यश कुमार सिन्हा उप सरपंच ग्राम पंचायत अतरमरा, पंचायत सचिव उमा साहू, पंच प्रीति लता सिन्हा, गोविंद तिवारी, टीकम सिन्हा, जगत सिन्हा, हेमलता साहू, श्यामलाल साहू, संतु यादव एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## जिले में प्लेसमेंट कैंप 26 को

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग तथा संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण रायपुर के निर्देशानुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, गरियाबंद द्वारा 26 सितम्बर 2025 (शुक्रवार) को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कार्यालय परिसर, गरियाबंद में प्रातः 11 00 बजे से दोपहर 3 00 बजे तक संचालित होगा। इसमें सेफ इंटेलीजेंट सिक्योरिटी सर्विसेस (अटल नगर, नवा रायपुर), प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन (कुरूद, धमतरी) तथा एयरटेल पेमेंट बैंक (नवभारत उद्योग भवन, रायपुर) जैसे निजी प्रतिष्ठान शामिल होंगे। इसमें कुल 686 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी, जिनमें सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, श्रमिक, बैंक मित्र, ब्यूटी, वेल्डर, प्लम्बिंग, हाउसकीपिंग, रसोईया, कार्यालय सहायक एवं ड्रथवाल फाल्ससिलिंग जैसे पद सम्मिलित हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में न्यूनतम योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं एवं स्नातक पास आवेदकों के लिए अवसर उपलब्ध रहेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने दो पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र (मूल एवं छायाप्रति सहित) लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ ले सकते हैं।




## सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद जिले के ग्राम कुटेना में 16 सितंबर से प्रारंभ हुई सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का रविवार 21 सितंबर 2025 को भव्य समापन हुआ। यह आयोजन ग्रामवासियों और साहू परिवार के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कथा का शुभारंभ 16 सितंबर को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ था, जिसमें गांव की महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। इसके बाद प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक प्रसंगों पर कथा वाचक सिरकट्टी आश्रम के पूज्य संत गोवर्धन शरण महाराज जी ने अपने मधुर वचनों से श्रद्धालुओं को भगवान के दिव्य चरित्रों और भक्तिरस में डुबो दिया। उनके प्रवचनों ने श्रोताओं के मन में आध्यात्मिकता का संचार किया। समापन दिवस पर गीता रहस्य, पूर्णाहुति, परिष्कृत मोक्ष और तुलसी वार्ष जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इन अनुष्ठानों के बाद ग्राम में एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभा यात्रा के दौरान पूरा ग्राम भक्ति और आध्यात्मिकता के रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया। कथा के मुख्य यजमान विदेशी राम-श्रीमती राधा बाई साहू, तेजराम-श्रीमती गीता बाई साहू और परदेशी राम-श्रीमती रामकुंवर साहू रहे। इनके साथ ही गजे राम, भान बाई, उर्मेद राम, कृष्णा बाई, उमेश मोना, ताम्रध्वज, विरेंद्र, स्वेता, होलाराम सहित अनेक ग्रामवासियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। आयोजन के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने संत गोवर्धन शरण महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया और एक-दूसरे को बधाई दी। सात दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे ग्राम में हर्ष और उल्लास का माहौल बना रहा, जिसने गांव में एकता और सद्भावना का संदेश दिया।






